दिनांक : 04.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के लिए आज 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। इन पहलों के माध्यम से देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में श्री मोदी ने आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित इस योजना में देश भर के एक हजार सरकारी आई.टी.आई. को हब–एंड–स्पोक मॉडल में उन्नत करने का लक्ष्य है। उन्होंने 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चार सौ नवोदय विद्यालयों और दो सौ एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित एक हजार दो सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया।
इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 46 शीर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत सिंह ने भी देश को एक वैश्विक कौशल केंद्र बनाने के श्री मोदी के दृष्टिकोण को दोहराया।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएँ न दी जाएँ। मंत्रालय ने एक परामर्श में कहा है कि आमतौर पर पाँच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इन दवाओं की सलाह नहीं दी जाती है, और इससे ज़्यादा उम्र के बच्चों के लिए इनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक डाक्टर की सलाह और कड़ी निगरानी के बाद ही किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवा निदेशकों को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि बच्चों में होने वाली ज़्यादातर गंभीर खांसी की बीमारियाँ अक्सर बिना किसी औषधीय हस्तक्षेप के ठीक हो जाती हैं।
इधर, राजस्थान में भी मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत वितरित की जा रही कायसन फार्मा की दवाओं पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार ने गुणवत्ता के संबंध में शिकायतों के चलते औषधि नियंत्रक को भी निलंबित कर दिया है। कई बैचों के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के बाद सभी निर्माताओं से डेक्सट्रोमेथोर्फन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान ने छह करोड़ 50 लाख महिलाओं की जाँच करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि देश भर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। दो सप्ताह तक चले इस अभियान की शुरुआत पिछले महीने की 17 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी और इस महीने की 2 तारीख को इसका समापन हुआ।

000

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत हनुमानगढ़ में कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपनिदेशक उद्यान डॉ. रमेश चंद बराला ने बताया कि कार्यशाला में 50 प्रगतिशील किसानों को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी बॉक्स की कीमत दो हजार रुपये है। इस पर 40 प्रतिशत का सरकारी अनुदान दिया जाता है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रही स्माइल योजना से अब किन्नरों को भी जोड़ा जाएगा। भरतपुर में योजना के तहत नगर निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान भिक्षावृति करने वालों की पहचान करने के साथ ही उनके पुनर्वास, कौशल और रोजगार की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिले के एनजीओ की मदद भी ली जाएगी।

000

पाली के मारवाड़ जंक्शन में बीएलओ सुपरवाइजर कार्यशाला रखी गई। इसमें बीएलओ को ऑनलाइन सबमिशन के बारे में जानकारी दी गई और उनका क्षमतावर्द्धन किया गया। इस दौरान नए मतदान केन्द्रों और सुपरवाइजरों की जानकारी के साथ आगामी चुनावों में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया।

000

प्रदेश से मॉनसून की विदाई के बावजूद आज भी कुछ स्थानों पर बारिश की गतिविधियां बनी रहीं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से अट्ठारह जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश का अनुमान है। भरतपुर, धौलपुर, करौली, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, उदयपुर, जोधपुर और बाड़मेर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। विभाग ने सिस्टम के पांच और छह अक्टूबर को सबसे ज्यादा सक्रिय रहने की संभावना जताई है। इस दौरान आंधी और बारिश की गतिविधियां भी बनी रह सकती हैं।

000